दैनिक जागरण 20/10/2022

# कलाकारों ने मंच पर बांधा समा खूब बटोरी तालियां




आर्य गर्ल्स कालेज में शुरु हुए यूथ फेस्टिवल में मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● डीआइपीआरओ

जागरण संवाददाता, अंबाला : अंबाला कैंट के आर्य गर्ल्स कालेज में शुरु हुए यूथ फेस्टिवल के पहले दिन जहां मेजबान व कैंट का सनातन धर्म (एसडी) कालेज के कलाकार छाये रहे, वहीं दो दिनों तक कलाकारों ने मंच पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कलाकारों को हौसला बढ़ाने के लिए दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। यह यूथ फेस्टिवल 21 अक्टूबर तक जारी रहेगा। पहले दिन विभिन्न विधाओं में कलाकारों ने भाग लिया।

## यह रहे पहले दिन के परिणाम

- कोरियोग्राफी में आर्य गर्ल्स कालेज अंबाला छावनी पहले, एसडी कालेज अंबाला छावनी दूसरे और एमडीएसडी गर्ल्स कालेज अंबाला शहर तीसरे स्थान पर रहा।
- क्लासिकल वोकल सोलो में एसडी कालेज अंबाला छावनरी, आर्य गर्ल्स कालेज अंबाला छावनी और जीएमएन कालेज अंबाला छावनी क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- पेंटिंग में राजकीय स्नातकोत्तर कालेज अंबाला छावनी, एसडी कालेज अंबाला छावनी, राजकीय स्नातकोतर कालेज सेक्टर एक पंचकूला क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- पोस्टर मेकिंग में राजकीय स्नातकोत्तर कालेज अंबाला छावनी, राजकीय स्नातकोत्तर गवर्नमेंट सेक्टर एक पंचकूला व अरुणा आसफ अली राजकीय स्नातकोत्तर कालेज कालका प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- क्विज में एसडी कालेज अंबाला छावनी, गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी, राजकीय स्नातकोत्तर सेक्टर एक पंचकूला क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- सोलो डांस हरियाणवी (पुरुष) में एसडी कालेज अंबाला छावनी, राजकीय स्नातकोत्तर कालेज अंबाला छावनी, एसए जैन कालेज अंबाला छावनी क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे
- सोलो डांस हरियाणवी (महिला) में एसए जैन कालेज अंबाला शहर, एसडी कालेज अंबाला छावनी, डीएवी कालेज अंबाला शहर प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- रंगोली में राजकीय स्नातकोत्तर कालेज अंबाला छावनी, राजकीय कालेज फार वूमन अंबाला शहर, राजकीय स्नातकोत्तर कालेज सेक्टर एक पंचकूला क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- लाइट वोकल इंडियन में एसडी कालेज अंबाला छावनी, आर्य गर्ल्ज कालेज अंबाला छावनी, गवर्नमेंट कालेज फार वूमन सेक्टर-14 पंचकूला क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- फोक सौंग सामान्य में आर्य गर्ल्स कालेज अंबाला छावनी, एसडी कालेज अंबाला छावनी, जीएमएन कालेज अंबाला छावनी क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- फोक सौंग हरियाणवी सोलो में जीएमएन कालेज अबाला छावनी, एसडी कालेज अंबाला छावनी, आर्य गर्ल्स कालेज अंबाला छावनी क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- रिचुअल्स में आर्य गर्ल्स कालेज अंबाला छावनी, डीएवी कालेज अबाला शहर, एसडी कालेज अंबाला छावनी क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- माइम में एसए जैन कालेज अंबाला शहर एमडीएसडी गर्ल्स कालेज अंबाला शहर, डीएवी कालेज अंबाला शहर क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- संस्कृत ड्रामा में आर्य गर्ल्स कालेज अंबाला छावनी, डीएवी कालेज अंबाला शहर, एसएमएमडी राजकीय संस्कृत कालेज पचकूला क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।